आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट





बर्ष :13 अंक :402 पृष्ठ -4 दिनांक 14 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार

# झांसी में निलंबित इंस्पेक्टर मोहित यादव ने छोड़ा हिन्दू धर्मझांसी में निलंबित इंस्पेक्टर मोहित यादव ने छोड़ा हिन्दू धर्म

## हिन्दू धर्म का त्याग कर दिया और आरोप लगाया कि जाति के आधार पर उनका शोषण किया जा रहा

यूपी के झांसी में निलंबित इंस्पेक्टर मोहित यादव ने हिन्दू धर्म को छोड़ने का ऐलान किया है. मोहित यादव ने जातिवाद का आरोप लगाकर हिन्दू धर्म का त्याग कर दिया और आरोप लगाया कि जाति के आधार पर उनका शोषण किया जा रहा है उनके खिलाफ मुकदमे लिखे जा रहे हैं. मोहित यादव ने अपने घर रखी देवी–देवताओं की तस्वीरों को भी बाहर रख दिया. बता दें कि मोहित को आरआई से झगड़े के बाद झांसी पुलिस लाइन से निलंबित कर दिया था. मोहित यादव ने कहा कि ष्मैंने हिंदू धर्म छोड़ दिया है. ऐसा धर्म छोड़ दिया है जिसमें जाति के नाम पर शोषण किया जाता है. जाति के नाम पर दूसरे के जीवन को जीवन नहीं समझा जाता जाति के नाम पर देवी देवताओं के आशीर्वाद मिलता है. पिछले तीन महीनों से मेरा शोषण



किया जा रहा है, मुझ पर मुकदमा लिखा जा रहा है. जांचें खोल दी गई है. मुझे सस्पेंड कर दिया गया है और सिर्फ जाति के नाम पर ये सब चीजें चल रही है. उन्होंने कहा कि ऊपर एक तरह के लोग बैठे हुए हैं. विशेष जाति के लोग हैं, मेरी नजरों में तो वो ताड़का और पूतना है. राक्षस प्रवृत्ति के हैं. मांस दारू उनका रूटीन डेली का थानों मछलियां और मांस मंगाया जाता है. ऐसे लोग रूल कर रहे हैं. ये संवेदनहीन है. जिन्हें किसी व्यक्ति से संवेदना से मतलब नहीं है. मैं ऐसे धर्म में नहीं रहना चाहता हूं. मोहित यादव ने दावा किया कि वो अब ऐसे धर्म को अपनाएंगे जिसमें जातिवाद नहीं होगा. जहां प्रेम, दयाशीलता जैसी चीजें होंगी. हालांकि इस दौरान उन्होंने किसी धर्म का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि मेरा हिन्दू धर्मछोड़ने की सबसे बड़ी वजह शोषण हैं. मैं पूजा पाठ करते–करते परेशान हूं. न तो देवी देवता सुन रहे हैं और जो उनके ठेकेदार बनाए हैं वहीं लोग मेरा शोषण कर रहे हैं. जिन्हें शुरू से ही उनके कर्म का निर्धारण कर दिया गया था वहीं हमारा शोषण कर रहे हैं. बता दें कि मोहित यादव का झांसी पुलिस लाइन से आरआई से हुए झगड़े के बाद निलंबन कर दिया गया था. जिसकेबाद उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में जांच भी चल रही है. इससे पहले वो मोहित यादव इलाइट चौराहे पर चाय की दुकान लगाकर इसका विरोध करते हुए भी दिखाई दिए. उनके खिलाफ अनुशासनहीनता केमामलों की जांच चल रही है.

### उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में एक बार फिर आग लग गई

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में एक बार फिर आग लग गई. जानकारी के अनुसार रिजर्व पुलिस लाइन में आग लगी थी.फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया. नागवासुकी थानान्तर्गत इस शिविर में आग लगने के बाद थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मच गई. आग के चलते 4 टेंट और उसमें रखे सामान जलकर राख हो गया है. हालांकि समय रहते राहत और बचाव कार्य की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई. आर्थिक नुकसान का आंकलन किया जा रहा है.उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में रिजर्व पुलिस लाइन के टेंट्स में आग लग गई. इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. साथ ही आर्थिक नुकसान का आकलन किया जा रहा है.

### वाराणसी की विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होने से पहले जान ले ये खबर, समितियों ने लिया अहम फैसला

महाकुंभ के पलट प्रवाह शुरू होते ही वाराणसी में श्रद्धालुओं का ऐसा जन सैलाब उमड़ा जिसने हर किसी को हैरान करके रख दिया है. मौनी अमावस्या अथवा माघ पूर्णिमा के दौरान वाराणसी के मंदिर से लेकर गंगा घाट तक अलग–अलग शहरों से आए लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है. स्थिति ऐसी की गंगा घाट पर क्षमता से अधिक लोगों के आने पर अब गंगा आरती के आयोजकों ने सांकेतिक रूप से ही मां भगवती की आरती कराने का फैसला ले लिया.वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट पर नियमित रूप से आयोजित होने वाली गंगा आरती के आयोजकों की तरफ से एबीपी न्यूज को मिली जानकारी के अनुसार महाकुंभ के पलट प्रवाह की वजह से वाराणसी के गंगा घाट पर क्षमता से अधिक संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. प्रत्येक श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अगले कुछ दिनों तक सांकेतिक रूप से गंगा आरती को संपन्न करने का निर्णय लिया गया है. 11 फरवरी और 12 फरवरी को सांकेतिक रूप से गंगा आरती को संपन्न कराया गया. सामान्य दिनचर्या के अनुसार होने वाली गंगा आरती की तुलना में इन दिनों आरती का स्वरूप छोटा रहा है . सामान्य दिनों में सात अर्चकों द्वारा भव्य रूप में मां गंगा की आरती संपन्न कराई जाती है, जबकि वर्तमान समय में सीमित लोगों के मौजूदगी में ही परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है.इससे पहले भी गंगा आरती आयोजकों की तरफ से बढ़ते भीड़ को देखते हुए गंगा आरती में ना आने की अपील की गई थी. अपील के कुछ ही दिनों बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा घाट पर आरती देखने के लिए फिर उमड़ रहे थे. फिलहाल अगले कुछ दिनों तक गंगा आरती को सांकेतिक रूप से संपन्न कराने का फैसला लिया गया है. जिससे शाम के समय में गंगा घाट पर भारी भीड़ ना हो. ऐसे में अब देखना होगा कि वाराणसी के गंगा घाट पर सामान्य रूप से गंगा आरती कब तक शुरू होती है।

## फरवरी के महीने में उत्तर प्रदेश के मौसम . में अलग अलग रंग देखने को मिल

फरवरी के महीने में उत्तर प्रदेश के मौसम में अलग अलग रंग देखने को मिल रहे है। 18–19 फरवरी तक प्रदेश में बादल, बारिश, घने कोहरे और शीतलहर को लेकर किसी तरह का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।हालांकि इस दौरान 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई गई है।यूपी मौसम विभाग के मुताबिक, 13 और 14 फरवरी को प्रदेश मौसम साफ रहने के साथ ही दोनों हिस्सों में तेज हवा चल सकती है। पश्चिमी व पूर्वी हिस्से में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। 16 फरवरी से एक बार फिर कोहरे का सिलसिला शुरू होगा। फरवरी के इस बदले मौसम ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है, क्योंकि समय से पहले गर्मी फसलों पर असर डाल सकती है। पूर्वी और पश्चिमी संभाग के वाराणसी, जौनपुर, भदोही, मिर्जापुर, गाजीपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, आजमगढ़, रायबरेली, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, बस्ती, महाराजगंज, मऊ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, अमरोहा, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, मैनपुरी, बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा और औरैया में 20 से 30 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

## यूपी के इस एक्सप्रेसवे पर आपकी गाड़ी हुई खराब तो लगेगा भारी जुर्माना! नया नियम लागू

उत्तर प्रदेश के नोएडा एक्सप्रेसवे वाहन चलाने के वालों के लिए बड़ी खबर सामने आई है. दरअसल नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने एक्सप्रेसवे पर जाम की स्थिति से निपटने और ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाया है. इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने नया चालान घोषित किया है. नोएडा एक्सप्रेसवे को ब्रेकडाउन चालान एरिया घोषित किया गया है. इस नियम के तहत नोएडा एक्सप्रेसवे पर अगर कोई गाड़ी खराब होती है और इस वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है तो पुलिस वाहन का चालान जारी कर सकती है. इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस उस गाड़ी को जब्त भी कर सकती है.नए नियम के तहत अगर कोई गाड़ी खराब होकर बीच रास्ते में रुक जाती है जिस कारण ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न होती है तो वाहन मालिक को 20 हजार रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है. इतना ही नहीं, जरूरत पड़ने पर गाड़ी को जब्त भी किया जा सकता है. यहां पर आपको बताते चलें कि एक्सप्रेसवे पर यात्रियों को बेहतर यातायात मुहैया कराने के उद्देश्य से इस नियम को लागू किया गया, ताकि चालान के डर लोग अपने वाहनों का मेंटीनेंस सही ढंग से करें और वाहन खराब होने की वजह से अन्य यात्रियों को असुविधाओं का सामना न करना पड़े. नए नियम को लेकर ट्रैफिक डीएसपी ने क्या कहा? नए ट्रैफिक नियम के संबंध में नोएडा डीसीपी ट्रैफिक ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर सुगम यातायात व्यवस्था देने के लिए गा. ैतमबुद्धनगर यातायात पुलिस ने एक विशेष अभियान शुरू किया है. इस अभियान के तहत कोई भी वाहन चालक या सह चालक की लापरवाही की वजह से एक्सप्रेसवे पर खराब होता है, जिस कारण एक्सप्रेसवे पर जाम लगता है. इस स्थिति में ट्रैफिक पुलिस उस वाहन पर न सिर्फ चलान करेगी बल्कि वाहन को जब्त करेगी. हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी वास्तविक रीजन की वजह से वाहन में खराबी आती तो उस पर कार्रवाई नहीं की जाएगी. उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं बल्कि यातायात नियमों का पालन करें.

## Reel के चक्कर में रीयल लाइफ में मची तबाही

### पत्नी से कराई बंदूक से हवाई फायरिंग, अब गिरफ्तार

गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र में एक हैरान और परेशान करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक व्यापारी ने रील बनाने के लिए अपनी पत्नी से फायरिंग करवाई. खुद का इलाके में वर्चस्व जमाने के लिए दो प्राइवेट लोगों को पुलिस की टोपी पहना और खुद गले में पुलिस का लोगो डाल कर फोटो खिंचवाया. पुलिस ने व्यापारी का खुमार उतारते हुए उसको गिरफ्तार किया. अब पुलिस आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट को जांचने में जुटी गई है. क्या पहले कभी इसने इस तरह की कोई फोटो या वीडियो अपलोड की है. इस मामले में थाना नंदग्राम के दरोगा की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया है गाजियाबाद के सिटी जोन के थाना नंदग्राम में सब इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने एक मुकदमा दर्ज करवाया है. बृजेश कुमार के मुताबिक जब वह अपने इलाके में गस्त पर थे. इसी दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वायरल कंटेंट देखा. इस कंटेंट में एक महिला फायरिंग कर रही थी. वहीं उसका पति का एक फोटो भी अपलोडेड था. फोटो में वह व्यक्ति दो प्राइवेट व्यक्तियों के साथ दिख रहा था. प्राइवेट व्यक्तियों ने पुलिस की टोपी लगा रखी थी और उस व्यक्ति ने गले में पुलिस का लोगो पहना हुआ था. जांच करने पर पता चला कि यह व्यक्ति 118 फ्री होल्ड नंदग्राम का रहने वाला निशांत गुप्ता है. पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो और फोटो अपलोड कर आरोपी आम जनता को भ्रमित कर रहा था. साथ ही इलाके में वर्चस्व कायम करने के इरादे से ये कंटेंट वायरल किया है. यह एक आपराधिक मामला है. दरोगा बृजेश कुमार की तहरीर पर थाना नंदग्राम में मुकदमा कायम हुआ है. पुलिस ने ठछै की धारा 125 और 205 के साथ–साथ आईटी एक्ट 66क के तहत मुकदमा दर्ज किया है. डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि इस मामले में गलत काम करने वाले और वर्चस्व जमाने के लिए सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो वायरल करने वाले निशांत गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है. निशांत गुप्ता व्यापार करता है. अब पुलिस यह जांचने में जुटी है कि क्या इसने इससे पहले भी अपने किसी सोशल मीडिया हैंडल पर इस तरह के कोई फोटो वीडियो अपलोड किए थे.

## बुजुर्ग हिंदू की मौत पर मुस्लिमों ने किया अंतिम . संस्कार, पेश की इंसानियत की मिसाल

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के कुंदरकी कस्बे में मजहब की दीवारों को तोड़ मुस्लिमों ने एक मिसाल कायम की है. जहां संतोष नाम के एक बुजुर्ग हिन्दू व्यक्ति की मौत हो जाने पर उसका अंतिम संस्कार पूरे हिन्दू रीति रिवाज से मुस्लिमों ने कराया और इंसानियत का सन्देश दिया है. दरअसल मूलरूप से राजस्थान के रहने वाले संतोष नाम के व्यक्ति सालों पूर्व कस्बा कुंदरकी में आकर एक झोपड़ी में रहने लगे थे. बीमारी के चलते कल रात उनकी मौत हो गई थी. जिसकी सूचना पर मुरादाबाद–आगरा स्टेट हाइवे स्थित टैक्सी स्टैंड पर मौजूद दर्जनों मुस्लिम व्यक्तियों ने पुलिस को दी और फिर बुजुर्ग संतोष के अंतिम संस्कार करने का जिम्मा लेते हुए पहले तो बाजार से अंतिम संस्कार का सामान खरीद कर लाये और फिर अपने हाथों से एक हिन्दू व्यक्ति की अर्थी बनानी शुरू कर दी. मुस्लिम युवकों ने संतोष का किया अंतिम संस्कारमुस्लिम युवकों द्वारा किए गए इस असाधारण काम को जिसने भी सुना उनके द्वारा की गई इंसानियत की तारीफ की है. एक दर्जन से ज्यादा मुस्लिम युवक ही अपने कंधों पर बुजुर्ग संतोष की अर्थी को लेकर मोक्षधाम पहुंचे और हिन्दू रीति रिवाज से उनका अंतिम संस्कार किया है. फरहान अली खान बताते हैं कि संतोष दूर दराज के गरीब व्यक्ति थे और झुग्गी झोपड़ी बना कर यहां वर्षों से हमारे पास रह रहे थे. इनकी मौत के बाद हमने पुलिस को इसकी सूचना दी और उन से इजाजत मिलने के बाद हम सब मुस्लिमों ने आपस में मिलकर इसके लिए चंदा किया और सब ने मिलकर इसे सामाजिक कार्य समझते हुए इनका अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज से कराया है. हम सब मुस्लिम धर्म के लोग हैं लेकिन हमने इंसानियत के नाते यह काम किया है. इंसानियत धर्म से बड़ी चीज है. हम इस से यह संदेश देना चाहते हैं की लोग आपस में मुहब्बत रखें और हिन्दू मुस्लिम के चक्कर में न पड़ें. सबसे बड़ी बात इंसानियत की होती है. हम लोगो को जागरूक करना चाहते हैं की सब इंसान आपस में भाई भाई हैं, और हिन्दू मुस्लिम के नाम पर राजनीति बिलकुल नहीं होनी चाहिए.

### बाराबंकी में 19वें दिन डायवर्जन जारी, यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं

बाराबंकी शहर के चौपुला चौराहे पर लगातार 19वें दिन भी यातायात डायवर्जन जारी रहने से यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को माघ पूर्णिमा के चलते अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सख्ती की जा रही लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर पुलिस द्वारा वाहनों को रामनगर–बहराइच हाईवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की ओर मोड़ दिया गया जिससे यात्रियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ी। शहर के नए बस स्टेशन के पास रामनगर तिराहे के निकट भी शहर से चौपुला की ओर जाने वाले वाहनों को पूरी तरीके से बंद कर दिया गया। जिसके चलते बाराबंकी में यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लखनऊ से अयोध्या जाने वाले यात्रियों को रामनगर होते हुए बहराइच हाईवे या पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के जरिए सफर तय करना पड़ रहा है। इससे उनका सफर सामान्य से काफी लंबा हो गया है। यात्रियों का कहना है कि अयोध्या और गोरखपुर के लिए बस या फिर अन्य कोई साधन नहीं मिल पा रहा है जिससे गंतव्य को जाने में यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## बरेली में आयकर का छापारू पान मसाला कारोबारी का घर सील, नोटिस चस्पा कर लौटी टीमय जानें क्यों हुई ये कार्रवाई

बरेली में पान मसाला कारोबारी भाइयों के आवास और गोदाम पर छापामारी के 24 घंटे बाद आयकर टीम बृहस्पतिवार को वापस चली गई। टीम सुबह करीब 10 बजे टीम बीडीए कॉलोनी निवासी रामसेवक के आवास पहुंची। सुबह भी परिवार का कोई सदस्य घर पर मौजूद नहीं मिला। सर्च के लिए कोई गवाह न मिलने पर टीम ने घर का एक गेट पर सील और दूसरे गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस के अनुसार सील तभी खुलेगी, जब आयकर टीम मौके पर मौजूद होगी। उल्लंघन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताते हैं कि क्षेत्रीय थाना प्रभारी को भी सील न टूटे, इसकी निगरानी करने के लिए कहा गया है। उन्हें भी संबंधित नोटिस की कॉपी दी है।दूसरी ओर, पान मसाला डीलर अमित भारद्वाज के घर पर देर रात तक आयकर की टीम डटी रही। छानबीन के दौरान कारोबार संबंधी दस्तावेज जांच के लिए जब्त किए जाने की सूचना है। वहीं अमित अभी अस्पताल में ही भर्ती हैं। टीम के लौटने की सूचना पर व्यापारिक संगठन अमित का हाल जानने अस्पताल पहुंचने लगे तो कुछ बीडीए कॉलोनी की तरफ पहुंचे। जहां सील लगी देख लौट गए।

# अलीगढ़ शहर में रहेगी नो एंट्री, 13 घंटे तक रूट रहेगा डायवर्ट

शब–ए–बरात को देखते हुए अलीगढ़ शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर में कानपुर, आगरा, मथुरा,दिल्ली, टप्पल, रामघाट की ओर से आने वाले सभी भारी निजी, व्यापारिक व रोडवेज बसों सहित भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेंगे।शब–ए बरात को लेकर 13 फरवरी शाम से शहर में नो एंट्री लागू रहेगी। वहीं शहर के अंदर भी डायवर्जन व्यवस्था लागू होगी। यह व्यवस्था शाम सात बजे से शुक्रवार सुबह आठ बजे तक लागू रहेगी। इस व्यवस्था के तहत शहर में कानपुर, आगरा, मथुरा,दिल्ली, टप्पल, रामघाट की ओर से आने वाले सभी भारी निजी, व्यापारिक व रोडवेज बसों सहित भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेंगे। वे बाहरी मार्गों से डायवर्ट होंगे।शब–ए–बरात पर लोग घर व मस्जिदों में इबादत कर मगफिरत की दुआ करेंगे। मगरिब की नमाज (शाम) के बाद मुस्लिम अपने पूर्वजों की कब्रों पर




जाकर उनके लिए मगफिरत की दुआ करेंगे। कब्रों पर गुलपोशी करेंगे। मीठी चीजों पर नज्र भी होगी। शहर मुफ्ती मो. हम्मद खालिद हमीद ने बताया कि शब–ए–बरात गुनाहों से तौबा करने की रात है। इस दिन घर–मस्जिदों में कुरान की तिलावत करें और नमाज अदा करें।डायवर्जन लागू किया गया है। सभी थाना प्रभारियों को व्यवस्था कराने का निर्देश है। आपात व एंबुलेंसों पर ये व्यवस्था लागू नहीं रहेगी।–मुकेश चंद्र उत्तम, एसपी यातायात कबरकुत्ता मालगोदाम तिराहे से रेलवे रोड़ मीरूमल चौराहा–ऊपरकोट की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।2–सब्जीमंडी से ऊपरकोट की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।3–मीरूमल चौराहे से सब्जी मंडी चौराहा–फूल चौराहे की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।3–हाथी पुल के ऊपर एवं नीचे उस्मानपाड़ा से ऊपरकोट की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।4–गूलर रोड से बारहद्वारी–देहलीगेट चौराहे की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।5–भुजपुरा बाईपास से जंगलगढी की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।6–सासनी गेट चौराहे से जयगंज की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।7–रामबाग चुंगी तिराहे से केला नगर–दोदपुर चौराहे की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।8–जमालपुर तिराहे से यूनीवर्सिटी कैम्पसधसिविल लाइन एएमयू सर्किल की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।9–रसलगंज चौराहे से बारहद्वारी चौराहे की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।10–बारहद्वारी चौराहे से देहलीगेट चौराहे की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।11– नादापुल से देहलीगेट की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे।

## अटल आवासीय विद्यालयरू सीबीएसई की निशुल्क पढ़ाई, आवेदन करने के दो दिन बाकी, 15 फरवरी तक भर सकेंगे फॉर्म

अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक सीबीएसई पढ़ाई, रहना, खाना, ड्रेस, किताबों के लिए कुछ भी नहीं देना होता है। अलीगढ़ के गभाना स्थित टमकौली में अटल आवासीय विद्यालय है, जिसमें प्रवेश के लिए आवेदन के लिए केवल दो दिन बाकी रह गए हैं। 15 फरवरी तक आवेदन किया जा सकता है। उप श्रम आयुक्त सियाराम ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए कक्षा 6 में 70 बालक व 70 बालिका एवं कक्षा 9 में 70 बालक व 70 बालिका की प्रवेश परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों से अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज जिले में 15 फरवरी तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जनपदीय श्रम विभाग के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र 15 फरवरी की सायं 5 बजे तक सम्बन्धित जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जनपदीय श्रम विभाग के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। कोविड के कारण अनाथ बच्चे सम्बन्धित जिला प्रोबेशन कार्यालय में आवेदन जमा करेंगे। प्रधानाचार्य रोहित सारस्वत ने बताया कि वह निर्माण श्रमिक जो 30 नवंबर 2024 को कम से कम तीन वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुका है, उनके बच्चे प्रवेश के लिए पात्र हैं। कोविड–19 से अनाथ हुए बच्चे, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो या मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत आने वाले पात्र बच्चे प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।कक्षा–6 के अभ्यर्थी की जन्म तिथि 1 मई 2013 से पहले और 31 जुलाई 2015 के बाद की नहीं होनी चाहिए। कक्षा–9 के प्रवेश के अभ्यर्थी की जन्म तिथि 1 मई 2010 से पहले और 31 जुलाई 2012 के बाद की नहीं होनी चाहिए। परिवार के अधिकतम दो बच्चों को ही विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा।

## हैंडस फॉर हैल्प सामाजिक संस्था की मदद से अनिल कुमार को मिला जीवनदान

अलीगढ़।हैंडस फॉर हैल्प सामाजिक संस्था अलीगढ को संस्था के सदस्य मेघश्याम शर्मा द्वारा सूचना मिली थी कि एक 25 वर्षीय युवक अनिल कुमार गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और सभी ने उसका साथ छोड़ दिया है।इतना ही नहीं ये परिवार अलीगढ़ शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर ग्राम शहरी मदनगढ़ी में था और अनिल कुमार ने कहा कि वह जिंदगी की जंग से लड़ते–लड़ते अब हार गया है और उपचार कराने की व्यवस्था भी नहीं है।इधर संस्था को जब सूचना मिली तो संस्था ने अलीगढ़ से गांव जाकर देखा तो पाया कि युवक बहुत बुरी स्थिति में है जिसके कमर पर बहुत गहरा और बहुत बड़ा घाव है जो लगभग गल गया है।उस समय मरीज को बहुत बुखार था व बहुत गंदा भी था जो संभवतः कई दिनों नहाया नहीं था। यहां पर संस्था ने जब सर्वे किया तो पाया की सभी ने साथ छोड़ दिया है और युवक अब जीने की उम्मीद छोड़ चुका था।इसके बाद युवक को गांव से उठाकर हॉस्पिटल में एडमिट किया और उपचार शुरू कराया गया और कई दिन भर्ती रखा जिसमें हॉस्पिटल से के.पी. यादव का पूर्ण सहयोग रहा। खास बात ये है कि संस्था अनिल को बचाने में कामयाब रही और यह सबके आशीर्वाद और सहयोग से हो सका कि संस्था एक और जीवन को बचा पाई।इस कार्य मे संस्था के सदस्य मेघश्याम शर्मा,डॉ.डी.के. वर्मा,डॉ. ए.के.शर्मा,अजय राना,सत्यनारायण दीक्षित,शिवम माहेश्वरी और संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दिल्ली से अपहृत बच्चे को अलीगढ़ में छुड़ाया , दंपती को तीन लाख रुपये में बेचा था

अलीगढ.: उत्तर पूर्व दिल्ली के खजूरी खास में रविवार बाजार से अपहृत दो वर्षीय बच्चे को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से सुरक्षित छुड़ा लिया गया और दो मि. हलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला ने 10 फरवरी को भीड़ भरे बाजार में बच्चे के उससे अलग होकर लापता होने की सूचना दी थी।500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले अधिकारी ने कहा कि मामले की जानकारी मिलने के बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई और आगे की जांच शुरू की गई। कई टीम ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया और एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की, जो एक बच्चे को ले जा रहा था। आगे की पूछताछ में शाहदरा रेलवे स्टेशन से नाहिद उर्फ साहिबा और मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने आगे बताया कि पूछ. ताछ में उन्होंने अपहृत बच्चे को अलीगढ़ में एक दपंती को तीन लाख रुपये में बेचने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि नाहिद और रिजवान से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और बच्चे को अलीगढ़ में 54 वर्षीय चम्मो से छुड़ाया गया। उसने खुलासा किया कि उसकी बेटी और दामाद ने नाहिद और रिजवान के जरिए बच्चे को गोद लिया था। जांच में सीलमपुर निवासी 50 वर्षीय शोकिन का पता चला, जिसने अवैध तरीके से बच्चा गोद देने के लिए अपहरण की साजिश रची थी। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

## अलीगढ़ कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन . चुनाव दो मार्च को होगा मुकाबला

अलीगढ़ कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज अग्रवाल ने नामांकन वापस ले लिया है। अब अध्यक्ष पद के लिए शैलेन्द्र सिंह टिल्लू और इंद्रदेव सिंह चौहान आमने–सामने होंगे। चुनाव दो मार्च को न्यू मैडिसिन फफाला मार्केट में होगा। महामंत्री पद के लिए आशीष राठी और आलोक गुप्ता, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए योगेश कुमार वार्ष्णेय और शिव शंकर शर्मा के बीच मुकाबला होगा। कार्यकारिणी सदस्यों के लिए भी जोरदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। अभी तक शैलेंद्र सिंह टिल्लू ग्रुप का एसोसिएशन पर कब्जा रहा है। इस मौके पर आलोक गुप्ता, शिव शंकर शर्मा, आमिर आबिद,अमरदीप गुप्ता, राजा प्रेमी मौजूद रहे।

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा में पहली बार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। हर परीक्षा कक्ष में कैमरे लगाए जाएंगे। एक घंटा पहले परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश मिलेगा। इसके लिए जिले में 21 केंद्र बनाए गए है।सीबीएसई की सिटी कोआर्डिनेटर आरती झा ने बताया कि पहली बार परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। कक्ष में एक कैमरा आगे और एक कैमरा पीछे लगेगा। इससे परीक्षार्थियों पर नजर रखी जाएगी। अब तक केवल प्रवेश द्वार पर ही कैमरे की व्यवस्था थी। यह परीक्षा 18 मार्च तक चलेगी। स्कूलों को बनाया गया है परीक्षा केंद्र अलीगढ़ पब्लिक स्कूल, अवर लेडी ऑफ फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जोंस स्कूल अतरौली, डीपीएस आगरा रोड, संत फिदेलिस स्कूल, अल–बरकात पब्लिक स्कूल, जीडी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैर रोड, महर्षि केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय खैर पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में भौतिकी में पीएचडी रिसर्च स्कॉलर अदिबा को इंटरनेशनल नैनोआर्टोग्राफी प्रतियोगिता 2024 में प्रतिष्ठित पीपुल्स च्वाइस अवार्ड से सम्मानित किया गया



अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में भौतिकी में पीएचडी रिसर्च स्कॉलर अदिबा को इंटरनेशनल नैनोआटा. ग्राफी प्रतियोगिता 2024 में प्रतिष्ठित पीपुल्स च्वाइस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। रिसर्च स्कॉलर अदिबा के काम ने 29 देशों से आए 300 सबमिशन के साथ दुनिया भर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार जीता। यह उपलब्धि विज्ञान के प्रति अदिबा के समर्पण और उनकी विशेषज्ञता को दर्शाता है। फिजिक्स में नैनो विज्ञान और नैनो प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट योगदान के साथ–साथ विज्ञान के लिए उनकी दृष्टि का प्रमाण है। आभार और गर्व व्यक्त करते हुए, अदिबा ने कहा, "मैं यह पुरस्कार पाकर सम्मानित महसूस कर रही हूं, और मैं अपने विश्वविद्यालय, शोध मार्गदर्शकों और दोस्तों को उनके समर्थन और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। यह सम्मान मुझे नैनोमटेरियल्स और नैनोटेक्नोलॉजी के आकर्षक क्षेत्र की खोज जारी रखने के लिए प्रेरित करता है।" नैनोआर्टोग्राफी एक अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान छवि प्रतियोगिता है, जो नैनोविज्ञान और कला को जोड़ती है। यह प्रतियोगिता सभी के लिए खुली है। नैनोआर्टोग्राफी की शुरुआत प्रोफेसर बाबक अनासोरी ने की थी और वही इसे आयोजित करते हैं। हर साल इस प्रतियो. गिता में सैकड़ों प्रविष्टियाँ आती हैं। 20 से अधिक देशों के शोधकर्ता इसमें अपनी रिसर्च की तस्वीरें भेजते हैं, ताकि वे न केवल अपने अध्ययन को समझा सकें, बल्कि उसकी सुंदरता भी दिखा सकें।

## अलीगढ़ पुलिस ने अंतर्जनपदीय बियर चोर गैंग का किया पर्दाफाश, 648 बियर कैन के साथ 6 गिरफ्तार

अलीगढ़ पुलिस ने कोतवाली अतरौली क्षेत्र में बियर फैक्ट्री की दीवार को तोड़कर बियर की कैन चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गैंग का खुलासा करते हुए 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने चोरों के कब्जे से 648 बियर की कैन समेत 30 हजार रूपये नकद और एक चाकू के साथ इलेक्ट्रॉनिक थ्री व्हीलर बरामद किया है. पुलिस ने अंतर्जनपदीय गैंग के खिलाफ थाने पर आबकारी अधिनियम समेत आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए सभी छह चोरों को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेज दिया है. थाना अतरौली पुलिस और रूलर क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग पुलिस टीम द्वारा एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की घटना का खुलासा किया है. जहां अंतर्जनपदीय गैंग के चोरों द्वारा थाना अतरौली अंतर्गत वेव इंडस्ट्रील बियर फैक्ट्री के बियर गोदाम में पहुंचकर गोदाम की रखवाली कर रहे दो गार्ड को जान से मारने का भय दिखाकर दोनों गार्डो के हाथ पैर बांधकर बंधक बनाते हुए प्लास्टिक की 9 फुट ऊंची दीवार को तोड़कर बियर गोदाम के अंदर दाखिल हुए. उसके बाद बियर गोदाम में रखी बियर की 90 पेटिया चोरी कर वाहन में लादकर मौके से फरार हो गए.बियर की कैन सहित नकदी बरामद पुलिस ने अंतर्जनपदीय गैंग के चोरो को नरोना 12 नंबर पेट मैदान में पेड़ के नीचे खड़े थाना अतरौली क्षेत्र के अहमदपुरा निवासी चोर जयप्रकाश लोधी, राहुल, राकेश,मुनेंद्र,मनोज समेत जयप्रकाश पुत्र गंगा प्रसाद को शराब गोदाम से चोरी की गईं बियर की पेटीयो के साथ गिरफ्तार किया. पुलिस ने गिरफ्तार किए गए 6 चोरों के कब्जे से 648 किंगफिशर स्ट्रॉन्ग मॉल्ट बियर और 30 हजार रूपये नगद व एक चाकू सहित घटना में इस्तेमाल किया गया एक इलेक्ट्रॉनिक थ्री व्हीलर बरामद किया है.

## एएमयू में बीफ बिरयानी विवाद, जांच के लिए पहुंची अफसरों की टीम

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में बीफ बिरयानी के नोटिस मामले की जांच के लिए प्रशासनिक अफसरों और पुलिस की टीम पहुंची। अधिकारियों ने डाइनिंग हॉल के रसोइयों, छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन से बयान दर्ज किए। 9 फरवरी के लंच में बीफ बिरयानी परोसने के नोटिस के वायरल होने के बाद विवाद बढ़ गया था। इस मामले में दो छात्रों और प्रोवोस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रशासन ने जांच कर छात्रों और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी जुटाई है।

## 15 साल से बकाया, नुमाइश प्रशासन को 11.50 करोड़ रुपये का नोटिस

नगर निगम ने नुमाइश प्रशासन को 11.50 करोड़ रुपये का संपत्ति कर जमा करने का नोटिस जारी किया है। यह बकाया पिछले 15 साल से लंबित है। नुमाइश से तहबजारी, सरकारी दुकानें, उद्योग मंडप, कृषि कक्ष, बिजली और अन्य सुविधाओं से हर साल करोड़ों रुपये की आय होती है, लेकिन संपत्ति कर जमा नहीं किया गया। नगर निगम ने 15 दिनों के भीतर बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं।

# हाथरस में अलीगढ़ रोड स्थित लेबर कॉलोनी के सामने आज दो युवकों के बीच गाली-गलौज

हाथरस में अलीगढ़ रोड स्थित लेबर कॉलोनी के सामने आज दो युवकों के बीच गाली–गलौज से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के समर्थक भी शामिल हो गए, जिससे मामला और बिगड़ गया। घटना के दौरान सड़क पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हो गया।मौके पर लोगों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, एक युवक द्वारा दूसरे युवक को गाली देने से विवाद की शुरुआत हुई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई और देखते ही देखते कई लोग इस झगड़े में शामिल हो गए। कुछ स्थानीय लोगों की मध्यस्थता से मामला शांत हुआ, लेकिन दोनों पक्षों ने एक–दूसरे को धमकी देते हुए मौके से प्रस्थान किया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## हाथरस के श्यामकुंज स्थित एमएलडीवी पब्लिक इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हाथरस के श्यामकुंज स्थित एमएलडीवी पब्लिक इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 27 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। संस्था के डायरेक्टर स्वतंत्र कुमार गुप्त, प्रधानाचार्या पूनम वार्ष्णेय और प्रशासनिक प्रमुख हर्षित गुप्ता ने संयुक्त रूप से शिक्षिकाओं का सम्मान किया।कार्यक्रम में डायरेक्टर स्वतंत्र कुमार गुप्त ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस 13 फरवरी को सरोजिनी नायडू की जयंती पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सरोजिनी नायडू उत्तर प्रदेश की पहली महिला राज्यपाल थीं और स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनके साहित्यिक योगदान के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें श्भारत कोकिलाश की उपाधि दी थी।प्रशासनिक प्रमुख हर्षित गुप्ता ने कहा कि नारी सृजन और ममता की प्रतिमूर्ति है। उन्होंने महिला शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं प्रधानाचार्या पूनम वार्ष्णेय ने कहा कि आधुनिक युग में महिलाएं पुरुषों से अधिक सशक्त हैं और शिक्षा के कारण उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है। सम्मानित होने वाली शिक्षिकाओं में उप–प्रधानाचार्या शाजिया रफीक खान, कार्डिनेटर डॉ. रेखा जादौन, चारू गुप्ता, ललिता पाठक, निधी रावत समेत अन्य प्रमुख शिक्षिकाएं शामिल थीं। कार्यक्रम का समापन संस्था के डायरेक्टर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## हाथरस में एक युवक द्वारा अपनी बहन की लव मैरिज से नाराज होकर बहनोई पर की गई जानलेवा फायरिंग

हाथरस में एक युवक द्वारा अपनी बहन की लव मैरिज से नाराज होकर बहनोई पर की गई जानलेवा फायरिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया है।घटना 9 फरवरी की है, जब अभय वार्ष्णेय अपने पिता विनोद कुमार के साथ माहेश्वरी कॉलोनी इगलास रोड स्थित अपनी दुकान जा रहे थे। इसी दौरान राजा बघेल ने अभय पर तमंचे से फायरिंग कर दी। गंभीर रूप से घायल अभय को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। पीड़ित के पिता विनोद कुमार ने बताया कि उनके बेटे अभय ने राजा की बहन से कोर्ट मैरिज की थी, जिससे राजा और उसके परिवार के लोग नाराज थे। इसी रंजिश में राजा ने उनके बेटे पर जानलेवा हमला किया। हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आज आरोपी राजा बघेल को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रेमी के साथ रह रही पत्नी को पति ने कुल्हाड़ी मार किया घायल, आगरा रेफर

हाथरस में सहपऊ क्षेत्र में प्रेमी के साथ रह रही पत्नी को पति ने कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया । घायल महिला को गंभीर हालत में आगरा के एसएन हॉस्पिटल रेफर कर दिया है। गांव निवासी एक युवक की ढाई साल पहले एक युवती से हुई थी। करीब चार माह पूर्व युवती के पड़ोस में रह रहे किसी अन्य समाज के युवक के साथ अवैध संबंध हो गए। वह उसके साथ चली गई। करीब डेढ़ माह पूर्व महिला उस युवक के साथ गांव में आई और उसके साथ ही रहने लगी । 13 फरवरी को महिला के पति ने उसे जान से मारने के लिए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया । कुल्हाड़ी के प्रहार से महिला बुरी तरह से घायल हो गई । उसके चीखने पर ग्रामीण भी आ गए । घायल महिला का पति हमला कर गांव से भाग गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी भेजा। वहां महिला को गंभीर हालत में आगरा रेफर कर दिया।

## हाथरस के सासनी विद्यापीठ इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया



हाथरस के सासनी विद्यापीठ इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आर जी कॉलेज के डॉ. संजय सिंहानिया ने शिविर का संचालन किया।शिविर में छात्र–छात्राओं का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें उनके ऑक्सीजन स्तर, पल्स रेट, वजन और लंबाई की जांच शामिल थी। इस स्वास्थ्य जांच से विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. लोकेश शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। इसके अलावा शिक्षक अरुण कुमार कौशिक, संजय कुमार, राजीव कुमार, भारत सिंह, प्रियंका, विनय कुमार, नीरज गुप्ता, अशोक कुमार, मुकेश दिवाकर, हनी वशिष्ठ, शिवम कुशवाह, सतीश कुमार, यश कुशवाह और जितेंद्र कुशवाह सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। यह शिविर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा।

## सासनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीएमओ डॉ. मनजीत सिंह के औचक निरीक्षण से स्टाफ में मचा हड़कंप

सासनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीएमओ डॉ. मनजीत सिंह के औचक निरीक्षण से स्टाफ में हड़कंप मच गया। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले लैब का निरीक्षण किया, जहां कार्य संतोषजनक पाया गया। एक्स–रे विभाग में टेक्नीशियन की उपस्थिति और 100 दिवसीय टीबी प्रोग्राम की समीक्षा की गई, जो उत्तम स्थिति में पाई गई।दवा काउंटर पर फार्मासिस्ट प्रीति और अनिल जायसवाल की मौजूदगी में दवाओं के रखरखाव की जांच की गई। विशेष रूप से यह पाया गया कि केंद्र में रेबीज के 112 इंजेक्शन लगाए गए हैं, जो कुत्ते के काटने के मामलों में प्रयोग किए गए। निरीक्षण के दूसरे चरण में सीएमओ ने जच्चा–बच्चा केंद्र का दौरा किया। वहां स्टाफ नर्स हर्षिनी शर्मा, प्रवेश देवी, सीमा और खुशबू मौजूद मिलीं। इस दौरान एक प्रसव ऑपरेशन भी देखा गया। मरीजों को दिए जाने वाले नाश्ते और भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. दलबीर सिंह रावत, चिकित्सक डॉ. प्रवीण भारती और डॉ. अनंत कुमार की मौजूदगी में किए गए इस निरीक्षण में समग्र व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

## हाथरस के सहपऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भुकलारा में एक पति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया

हाथरस के सहपऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भुकलारा में एक पति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। पत्नी को गंभीर हालत में आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है। घटना की जानकारी के अनुसार, जीतू की शादी करीब ढाई साल पहले प्रीति से हुई थी। शादी के बाद प्रीति का पड़ोसी पंकज से प्रेम संबंध हो गए। चार महीने पहले प्रीति अपने प्रेमी पंकज के साथ भाग गई थी। करीब डेढ़ महीने पहले वह पंकज के साथ वापस गांव लौट आई और उसी के साथ रहने लगी। आज जब जीतू को मौका मिला, उसने प्रीति पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में प्रीति के गर्दन पर गंभीर चोट आई। हमले के बाद जीतू मौके से फरार हो गया।ग्रामीणों ने घायल प्रीति को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। फरार आरोपी पति की तलाश जारी है।

## हाथरस में 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई

हाथरस में 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। आरोपी इरफान पुत्र आस मो. हम्मद को तीन साल की कैद और 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा दी गई है।मामला शहर की कांशीराम कॉलोनी का है, जहां कुछ युवक नाबालिग लड़की के साथ लगातार छेड़खानी करते थे। पीड़िता ने पहले कोतवाली सदर में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मामले को हल्के में लेते हुए केवल शांति भंग का चालान कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई, जिस पर 26 मई 2018 को मुक. दमा दर्ज किया गया।छेड़खानी की घटनाओं से परेशान होकर पीड़िता और उसके परिवार को अपना घर तक छोड़ना पड़ा। पुलिस की जांच के बाद आरोपी इरफान के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाया।न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि जुर्माने की राशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दी जाए। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी मुकेश कुमार ने पैरवी की।

## राज्यसभा में उठी राजा महेंद्र प्रताप को भारत रत्न देने की मांग, एएमयू को दिया दान



राजा महेंद्र प्रताप ने 1906 में कोलकाता में कांग्रेस के अधिवेशन में भाग लिया तथा इस सम्मेलन में उन्होंने स्वदेशी और स्वावलंबन का संकल्प लिया। विदेशी कपड़ों की होलियां जलवायीं।समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन ने राज्यसभा में राजा महेंद्र प्रताप को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में उनका नाम बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सहित उन्होंने कई शैक्षणिक संस्थाओं को दान दिया, फिर भी कभी ये अपेक्षा नहीं की कि उनका नाम किसी पट्टिका पर लिखा जाए।राजा महेंद्र प्रताप ने 1906 में कोलक. ाता में कांग्रेस के अधिवेशन में भाग लिया तथा इस सम्मेलन में उन्होंने स्वदेशी और स्वावलंबन का संकल्प लिया। विदेशी कपड़ों की होलियां जलवायीं। वह बिना पासपोर्ट के ही इटालियन जहाज से लंदन पहुंच गए और वहां से स्विट्जरलैंड और इटली होते हुए जर्मनी पहुंचे। वह पूरी दुनिया में 32 वर्ष तक घूमकर हिंदुस्तान की आजादी के पक्ष में अलख जगाते रहे। सुमन ने राजा महेंद्र प्रताप को महान त्यागी तपस्वी बताया।

**पीड़ित ध्यान दें**

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**

email: jannayaksamratiligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# कासगंज में आगामी महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर

## डीएम मेधा रूपम और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की

कासगंज में आगामी महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर डीएम मेधा रुपम और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अध्यक्षता में गुरवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लेकिन व्यापार मंडल के कन्छल गुट और मिश्रा गुट के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें समय पर बैठक की सूचना नहीं दी गई। महाशिवरात्रि के अवसर पर कासगंज के गंगा घाट लहरा और सोरों घाट पर हजारों श्रद्धालु कावड़ लेने आते हैं। इनमें कासगंज के अलावा एटा, हा. थरस, आगरा और मध्य प्रदेश के भक्त भी शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने कावड़ मार्ग पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पा. लिका और अन्य विभागों के अधिकारियों को कावड़ मार्ग और गंगा घाट पर स्ट्रीट लाइट, बिजली, पेयजल, शौचालय और सड़कों की मरम्मत कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कावड़ मार्ग पर जगह–जगह पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

# कासगंज मंडी में मटर की आवक पहुंची चरम पर, यातायात सुचारू बना चुनौती!

मोहनपुराः हरी मटर के लिए विख्यात मोहनपुरा मटर मंडी इन दिनों अपने चरम पर है। स्थानीय के अतिरिक्त बाहरी जनपदों से आ रही मटर के कारण मंडी में भारी भीड़ बनी हुई है। आलम यह है कि जिधर नजर उठाओ, उधर सिर्फ मटर लदे वाहन ही नजर आते हैं।मो. हनपुरा से कासगंज रोड पर करीब 6 किमी तक, सिकंदराराऊ रोड पर करीब 2 किमी तक, मारहरा रोड पर करीब डेढ़ किमी तक और सलेमपुर पीरौंदा रोड पर करीब एक किमी तक वाहनों की लंबी–लंबी लाइनें लगी हुई हैं। इसके अतिरिक्त टीकमपुरा और बाईपास रोड पर भी वाहनों की कतारें देखी जा रही हैं। स्थानीय निवासी किशन ने बताया कि जाम के कारण आवागमन में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है।वहीं, भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जाम अब रोजाना की समस्या बन गया है और देर रात तक खुल पाता है। गौरतलब है कि कस्बा मोहनपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी पर स्थित है, जहां पहले से ही वाहनों का भारी दबाव रहता है। मटर मंडी के कारण यातायात की स्थिति और बिगड़ जाती है। यातायात को सुचारू रखने के लिए स्थानीय पुलिस चौकी के अतिरिक्त अन्य थानों से भी फोर्स बुलाया गया है। मटर की भारी आवक के चलते सैकड़ों ट्रकों में माल प्रतिदिन विभिन्न राज्यों में भेजा जा रहा है।भारी यातायात और मटर लदे वाहनों के कारण किसानों, राहगीरों, स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन के बीच नोंकझोंक की घटनाएं आम हो गई हैं। लगातार कई घंटों तक जाम में फंसे रहने से राहगीर भी परेशान हो जाते हैं। एक दिन पूर्व ही पुलिस और किसानों के बीच झड़प हो गई थी, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए थे। बाद में घायल उपनिरीक्षक सुशील तिवारी द्वारा आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के आधार पर पुलिस ने किसानों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया।यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय मो. हनपुरा चौकी के अतिरिक्त अन्य थानों से भी फोर्स की तैनाती मंडी स्थल पर की गई है। पूरे दिन पुलिसकर्मी जाम न लगने देने के प्रयास में जुटे रहते हैं।मटर मंडी में इस समय सैकड़ों व्यापारी अपने कांटे लगाकर व्यापार कर रहे हैं। कई किलोमीटर तक मटर लदे वाहनों की कतारें होने के कारण व्यापारियों ने सड़क किनारे ही जगह–जगह कांटे लगाकर खरीद शुरू कर दी है, ताकि मंडी परिसर में पहुंचने से पहले ही मटर की बिक्री हो जाए और यातायात का दबाव कम किया जा सके। मटर का सौदा होते ही ट्रकों में लदान कराकर इसे विभिन्न राज्यों में भेजा जा रहा है।

# कासगंजः खबरदार...रसगुल्ले खाने से पहले जान लें हकीकत, केमिकल युक्त रंग और खोया से तैयार तो नहीं?



कासगंज : शहर के अमांपुर मंडी तिराहे पर अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने वाली गली में मिठाई के नाम पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां बड़े पैमाने पर केमिकल युक्त खोया और रंग से चमकाए गए रसगुल्ले तैयार कर बाजार में सप्लाई किए जा रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक हैं।मिलावटखोर कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। खाद्य विभाग जान–बूझकर अनजान बना हुआ है। जानकारों ने अवैध रूप से तैयार की जा रही मिठाइयों पर शिकंजा कसने की मांग की है, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ न हो सके।होली के समय लोग खुशियां साझा करने के लिए एक–दूसरे को पकवान खिलाते हैं, लेकिन रंग–बिरंगी और मन को ललचाने वाली मिठाइयों की जांच जरूरी है। इन दिनों मिठाई निर्माता अधिक उत्पादन के चक्कर में महंगे खाद्य रंगों की बजाय सस्ते केमिकल युक्त रंगों और नकली खोए का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होते हैं।मिलावट भरी मिठाइयों से लोगों को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, लेकिन उन्हें इसका अंदाजा तक नहीं होता। त्योहारों में खपत बढ़ने और अधिक मुनाफा कमाने के कारण कुछ लोग मिठाइयों में मिलावटी तत्व भी मिला देते हैं। मिलावटी मिठाइयां आंतों के लिए खतरनाक साबित होती हैं और पाचन तंत्र पर सीधा असर डालती हैं। फूड प्वाइजनिंग से लेकर किडनी और लीवर तक पर इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता है। त्योहारों पर बाजार से मिठाई खरी. दते समय सावधानी बरतें।मिठाइयों के तेज और असामान्य रंग से उनके नकली होने का अंदाजा लगाया जा सकता है।चांदी के वर्क की जांच के लिए उसे जलाएंकृयदि यह असली है तो छोटे–से गोले का रूप ले लेगा, लेकिन मिलावटी वर्क जलाने पर वह स्लेटी रंग के जले हुए कागज जैसा दिखेगा।मिठाइयों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दुक. ानदार मिलावटी मावा धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। छेना को चमकदार बनाने के लिए सल्फ्यूरिक एसिड का प्रयोग किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।नाम न छापने की शर्त पर एक पुराने हलवाई ने बताया कि बिना सल्फ्यूरिक एसिड का प्रयोग किए मिठाइयों में चमक नहीं आती। इसलिए मिठाई विक्रेता इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। उसने बताया कि मिठाइयों के निर्माण में शुद्ध दूध की बजाय पाउडर दूध का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे छेना, पनीर, मिल्क केक समेत अन्य मिठाइयां तैयार की जाती हैं। काजू बर्फी को सजाने के लिए चांदी का वर्क लगाया जाता है, लेकिन आजकल एल्युमिनियम युक्त चांदी वर्क का उपयोग हो रहा है, जो सेहत के लिए बेहद हा. निकारक है।डॉ. कृष्ण अवतार का कहना है कि मिलावटी मिठाइयां सेहत की दुश्मन हैं और इनका सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। आकर्षक मिठाइयों में इस्तेमाल किए जाने वाले केमिकल फेफड़ों, किडनी और लीवर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। मिठाइयों में मिलाए जाने वाले चांदी वर्क और हाइड्रो भी स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं।समय समय पर विभाग द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। अगर इस तरह का कोई मामला संज्ञान में आता है, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। जनता की सेहत से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा

# कासगंज तालाब के सौंदर्यीकरण में इस्तेमाल हो रही घटिया सामग्री, कार्रवाई की मांग की

सहावर रू नगर पंचायत में चल रहे तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए सभासदों ने जांच और कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में सभासदों ने तहसीलदार संदीप चौधरी को ज्ञापन सौंपकर मानक के अनुसार निर्माण सामग्री लगवाने की अपील की है।नगर पंचायत द्वारा कस्बे के वार्ड नंबर 15 में बसैली तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान नगर पंचायत के सभासदों ने घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया। सभासदों का कहना है कि निर्माण में कच्ची ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है और सीमेंट भी बहुत कम मात्रा में डाला जा रहा है।घटिया सामग्री के कारण निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। मानकों के अनुसार सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे निर्माण कमजोर हो सकता है। विरोध स्वरूप सभासद तहसील पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। मांग करने वालों में सभासद मुशीर, मोहम्मद हाशिम, मोहनी, प्रेमवती, श्याम बाबू, राकेश कुमार आदि शामिल हैं।

# होली रखने के विवाद में चली गोली, एक घायल

एटा। थाना मिरहची के गांव नगला घसिया में होली की लकड़ी रखने की बात पर विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि गोली चल गई और एक व्यक्ति के हाथ में जा लगी। डंडा लगने से उसकी मां भी घायल हो गई। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।गांव नगला घसिया निवासी अनिल कुमार ने बताया कि बुधवार को रात 9 बजे के करीब चचेरे भाई किशोरी लाल व मां रामादेवी खेत से लौट रही थीं। रास्ते में होली रखने की जगह है, तो वहां यह लोग लकड़ी रखने लगे। तभी मोहल्ले का रमेश आया और गाली–गलौज करते हुए बोला कि यहां कोई होली नहीं रखी जाएगी। जब भाई ने कहा कि यहां तो पहले से ही होली रखी जाती है। यह सुनकर रमेश नाराज हो गया और बंदूक निकालकर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी।गोली चचेरे भाई किशोरी लाल के दाहिने हाथ में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी रमेश की पत्नी रामबेटी ने मेरी मां के सिर में डंडा मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को लेकर हम मेडिकल कॉलेज आए यहां उपचार चल रहा है। सीओ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच–पड़ताल कर रही है। आरोपी रमेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बंदूक बरामद की गई है।

# सभासदों ने तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपा

कासगंज जिले की नगर पंचायत सहावर में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। वार्ड नंबर 15 में बसैली वाली तलैया के सौंदर्यीकरण में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है।नगर पंचायत के सभासदों ने इस मामले को लेकर तहसीलदार के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार, ईओ सहावर और नगर पंचायत अध्यक्ष मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। सभासदों का कहना है कि निर्माण में कच्ची ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है और सीमेंट की मात्रा भी निर्धारित मानकों से कम है। सभासदों ने नगर पंचायत प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने तहसीलदार से आग्रह किया है कि वे इस मामले में त्वरित कार्रवाई करें ताकि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोका जा सके और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित हो सके।

## भाई की गंदी नजर...तीन छात्राओं संग करता रहा घिनौना काम, मामला सुनकर पुलिस भी रह गई सन्नय ऐसे खुला राज



एटा के रिजोर थाना क्षेत्र में एक शर्मनाक मामला सामने आया है। तीन किशोरियों को अकेले में ले जाकर उनका भाई ही अश्लील हरकतें करता था। स्कूल में मिशन शक्ति के तहत पहुंची महिला आरक्षी को किशोरियों ने आपबीती बताई। इसके बाद दूसरे भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई और आरोपी को जेल भेजा गया है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन बहनें एक स्कूल में पढ़ती हैं। यहां पिछले दिनों मिशन शक्ति के तहत शिविर लगाया गया। महिला आरक्षियों ने छात्राओं को विभिन्न जानक. ारियां देकर जागरूक किया। साथ ही सभी को संदेश दिया कि अपने प्रति हो रहे अपराधों पर चुप न रहें, खुलकर इसका विरोध और शिकायत करें। इससे किशोरियों में कुछ हिम्मत आई और उन्होंने महिला आरक्षी को अपने साथ हो रही ज्यादती सुनाई। किशोरी ने बताया कि अक्सर हमारा भाई हम लोगों को अकेले कमरे में ले जाता है और गलत हरकतें करता है। यह सुनकर आरक्षी भी सन्न रह गई और अपने आला अफसरों को मामले की जानकारी दी। इस आधार पर किशोरियों के बयान लिए गए और जांच–पड़ताल की गई। प्रथम दृष्ट्या सच्चाई पाए जाने पर परिवार वालों ने भी इस मामले की गंभीरता समझी। दूसरे भाई ने आरोपी भाई के खिलाफ बहनों से मारपीट–छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी जेपी अशोक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया है।बड़ी बहन ने चिकित्सकीय परीक्षण कराने से किया इन्कार मामला छेड़छाड़ से भी आगे बढ़कर हो सकता है। इसकी आशंका को मद्देनजर रखते हुए पुलिस ने तीनों पीड़ित किशोरियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराने की तैयारी की, लेकिन सबसे बड़ी बहन ने इसके लिए मना कर दिया। छोटी बहनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है।सीओ सकीट कृष्ण मुरारी दोहरे ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद गंभीरता से जांच व कार्रवाई की गई। जिस युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, उसको जेल भेज दिया गया है। चिकित्सकीय रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -सम्पादक
मो:-8218049162,8273402499